# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

#CRACKDOWN

**प्रेस नोट- दिनांक 26.05.2025**

**इटावा पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

**लूट की घटना कारित करने वाले 03 अन्तर्जनपदीय दुर्दान्त अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार ,**

**कब्जे से लूटे गये सोने के आभूषण, 03 अवैध तमन्चा 315 बोर, भारी मात्रा में जिन्दा और खोखा कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त 01 पल्सर मोटर साइकिल बरामद।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सैफई इटावा के कुशल नेतृत्व में **थाना बसरेहर एवं थाना भरथना पुलिस** द्वारा **संयुक्त रूप से** कार्यवाही की गयी।

**घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 26.05.2025 को थाना बसरेहर एवं थाना भरथना पुलिस द्वारा भदामयी एवं लोहिया नहर पुल के बीच संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान 03 व्यक्ति पल्सर मोटर साइकिल से आते दिखाई दिये जिन्हे पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किया तो भागने का प्रयास करने लगे, पुलिस टीमों द्वारा उन्हें पकड़ने का प्रयास किया गया तो बदमाशों द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा भी बदमाशों पर आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी जिसकी **02 गोली बलराम उर्फ बल्ला पुत्र रामरतन** के दोनो पैर में लगी है तथा **01 गोली दुर्गेश यादव उर्फ दुर्वेश उर्फ बडे उर्फ टाईगर पुत्र करन सिंह** के दाहिने पैर में लगी जिन्हे घायल अवस्था में **भदामयी से पत्तापुरा की तरफ जाने वाली नहर के** पास से **समय लगभग 19.00 बजे** गिरफ्तार किया गया।

**पुलिस पूछताछ:-**

दिनांक 18.05.2025 को थाना भरथना क्षेत्र व दिनांक 25.05.2025 को थाना क्षेत्र बसरेहर में परिवार सहित जा रहे व्यक्तियों से सोने के आभूषण व मोबाइल लूट किये जाने की बात को स्वीकार किया।

मोटर साइकिल के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह मोटर साइकिल उन्होने जनपद मैनपुरी से चोरी की है जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

उन्होने बताया कि हम लोग रात्रि में नहर के सूनसान रास्ते से निकलने वाले दुपहिया वाहन पर सवार आभूषण धारण किये हुए महिलाओं को निशाना बनाते थे।

**उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना बसरेहर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है।**

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1. बलराम उर्फ बल्ला पुत्र रामरतन नि0 हरचन्दपुर थाना कोतवाली मैनपुरी जनपद मैनपुरी **उम्र करीब 34 वर्ष**
2. दुर्वेश यादव उर्फ दुर्गेश उर्फ टाइगर उर्फ बडे पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम नगला पूठ थाना करहल जनपद मैनपुरी **उम्र करीब 39 वर्ष**
3. सौरभ पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम नगरिया अगौथा थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी **उम्र करीब 25 वर्ष**

**आपराधिक इतिहासः-**

1. **अभियुक्त बलराम उर्फ बल्ला पुत्र रामरतन** के विरुद्ध जनपद मैनपुरी, इटावा, औरैया, कन्नौज, कासगंज, फिरोजाबाद, बंदायू में लूट/हत्या के प्रयास/आर्म्स एक्ट/गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित कुल 36 अभियोग पंजीकृत है।
2. **अभियुक्त दुर्वेश यादव उर्फ दुर्गेश उर्फ टाइगर उर्फ बडे पुत्र करन सिंह** के विरुद्ध जनपद औरैया, इटावा, कन्नौज में लूट/आर्म्स एक्ट/हत्या के प्रयास से सम्बन्धित कुल 15 अभियोग पंजीकृत है।
3. **अभियुक्त सौरभ पुत्र बलवीर सिंह** के विरुद्ध जनपद अलीगढ, इटावा, औरैया, मैनपुरी में लूट/हत्या के प्रयास/बलवा/आर्म्स एक्ट/चोरी एवं गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित कुल 17 अभियोग पंजीकृत है।

**बरामदगीः-**

1. 01 मंगलसूत्र सोने का (लूटा गया)
2. 02 गले की चैन सोने की (लूटी गयी)
3. 01 जोडी कान के टॉप्स सोने के (लूटे गये)
4. एन्ड्रोइड मोबाइल फोन सैमसंग कम्पनी(लूटा गया)
5. 01 मोटर साइकिल पल्सर(घटना में प्रयुक्त चोरी की)
6. 03 तमन्चा 315 बोर
7. 05 खोखा कारतूस 315 बोर
8. 05 जिन्दा कारतूस 315 बोर

**पुलिस टीमः-** निरी0 श्री देवेन्द्र सिंह प्रभारी थाना भरथना मय टीम, उ0नि0 श्री सौरभ सिंह थानाध्यक्ष बसरेहर मय टीम।